# कार्यपत्र-9

**1. सही उत्तर पर ठीक ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) कारक के विभक्ति चिह्न को क्या कहते हैं? (iii) परसर्ग ✓

(ख) अपादान कारक का विभक्ति चिह्न है– (i) से ✓

(ग) मेज़ पर पुस्तकें रख दो।– रेखांकित कारक का भेद है– (i) अधिकरण कारक ✓

(घ) क्रिया के जिस रूप से कार्य करने वाले का ज्ञान होता है– (iii) कर्ता कारक ✓

(ङ) माँ ने भिखारी को भोजन दिया।– रेखांकित कारक का भेद बताइए। (ii) संप्रदान कारक ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) संज्ञा और सर्वनाम शब्दों का क्रिया के साथ संबंध प्रकट करने वाले शब्दों को कारक कहते हैं; जैसे– राम ने रावण को मारा।

(ख) कारक के आठ भेद हैं– 1. कर्ता 2. कर्म 3. करण 4. संप्रदान 5. अपादान 6. संबंध 7. अधिकरण 8. संबोधन

(ग) कर्म कारक में क्रिया का फल कर्म पर पड़ता है। जैसे– रवि फूल तोड़ रहा है। संप्रदान कारक में किसी को कुछ देने तथा किसी के लिए कुछ करने का भाव होता है। जैसे– रवि ने राधा को फूल दिया।

(घ) करण कारक में विभक्ति 'से' का प्रयोग साधन के रूप में होता है। जैसे– मैं पेन से लिखता हूँ।

अपादान कारक में विभक्ति 'से' का प्रयोग अलग होने, तुलना करने, निकलने आदि के लिए होता है। जैसे– पेड़ से पत्ता गिरा।

**3. कारक की अशुद्धियाँ ठीक करके दोबारा लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) मैंने लकड़ी का खिलौने खरीदे। | मैंने लकड़ी के खिलौने खरीदे। |
| (ख) हिमालय पर नदियाँ निकलती हैं। | हिमालय से नदियाँ निकलती हैं। |
| (ग) माली ने पौधों के पानी दिया। | माली ने पौधों को पानी दिया। |
| (घ) राम को पेंसिल से चित्र बनाया। | राम ने पेंसिल से चित्र बनाया। |
| (ङ) उसे जानवरों के लिए डर लगता है। | उसे जानवरों से डर लगता है। |
| (च) वह कमरे से सो रहा है। | वह कमरे में सो रहा है। |

**4. निम्नलिखित कारक चिह्नों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए।**

| | |
|---|---|
| (क) पर | वह छत पर सो रहा है। |
| (ख) के लिए | सचिन पिता जी के लिए दवा लाया। |
| (ग) ने | पुलिस ने चोर को पकड़ा। |
| (घ) से | बच्चे गेंद से खेल रहे हैं। |
| (ङ) में | पुजारी मंदिर में पूजा कर रहा है। |
| (च) को | उस बालक को यहाँ बुलाओ। |